हिंदी दैनिक खबर

# केशव न्यूज

मंगलवार 12 अगस्त 2025 वर्ष 01 अंक 93 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com www.keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

हमें आने वाले कल से अपने आप अच्छे होने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, बल्कि आज की गयी मेहनत और तैयारी ही उसे अच्छा बना सकती है।

## नालंदा में संदिग्ध हालात में महिला की मौत, 15,000 रुपया के लिए हत्या का आरोप – भैंसुर गिरफ्तार

संवाददाता केशव न्यूज । चंडी (नालंदा ) – नालंदा जिले के चण्डी थाना क्षेत्र के सतनाग गांव में एक 20 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान सुबोध रविदास की पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई है। मायके पक्ष ने इसे दहेज हत्या करार देते हुए आरोप लगाया कि 15,000 रुपया की मांग पूरी न होने पर हत्या कर दी गई।

मृतका के पिता अजय रविदास (निवासी दृ रकसा गांव, थाना एकंगरसराय) ने बताया कि रविवार शाम उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जब वे ससुराल पहुंचे तो बेटी का शव फंदे से लटका हुआ मिला। उनका आरोप है कि पहले गला दबाकर हत्या की गई और फिर शव को फांसी के फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई।

अजय रविदास के अनुसार, अप्रैल 2025 में उनकी बेटी की शादी सतनाग गांव निवासी सुबा. ़ध दास से हुई थी। शादी में हैसियत के अनुसार दहेज दिया गया था, लेकिन कुछ समय से ससुराल पक्ष 15,000 रुपया की अतिरिक्त मांग कर रहा था। रकम नहीं देने पर सुनीता को



लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था।

चण्डी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि मृतका के पिता के बयान पर तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने मृतका के भैंसुर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

## नालंदा में पैक्स चुनाव की सरगर्मी तेज, प्यारेपुर पंचायत अध्यक्ष पद पर सीधी टक्कर

### प्यारेपुर पंचायत चुनाव में रोमांच – 3,265 मतदाताओं के बीच जबरदस्त मुकाबला

संवाददाता केशव न्यूज । गिरियक (नालंदा) – नालंदा जिले के गिरियक प्रखंड कार्यालय में प्यारेपुर पंचायत पैक्स चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस बार अध्यक्ष पद पर सीधी टक्कर दुर्गापुर निवासी बर्तमान प्रमुख प्रतिनिधि एवं निर्वतमान पैक्स अध्यक्ष संतोष कुमार और इसुआ ग्राम निवासी पूर्व प्रमुख एवं निर्वतमान पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार के बीच होने की संभावना है।

सुनील कुमार जहां अपने कार्यकाल की उपलब्धियों और अनुभव के बल पर चुनावी मैदान में हैं, वहीं संतोष कुमार, जो पिछले चुनाव में निर्विरोध पैक्स अध्यक्ष बने थे, इस बार बदलाव के संदेश के साथ अखाड़े में उतर चुके हैं। दोनों प्रत्याशी समर्थकों के साथ नामांकन स्थल पहुंचे और एक–दूसरे पर बढ़त बनाने का दावा किया।

गौरतलब है कि इस बार प्यारेपुर पंचायत में दुर्गापुर पंचायत का कुछ हिस्सा भी शामिल कर इसे बड़ा पंचायत बनाया गया है। पहले दोनों पंचायतों के अध्यक्ष अलग–अलग होते थे, लेकिन पंचायतों के विलय के बाद अब दोनों निर्वतमान अध्यक्षों के बीच सीधा मुकाबला



देखने को मिल रहा है।

प्यारेपुर पंचायत में कुल 21 वार्ड और 9 गांव शामिल हैं जिसमे प्यारेपुर, मरकट्टा, इसुआ, मुस्तफापुर, कोइरी बीघा, गौसगंज, भदाय, दुर्गापुर और रूपसपुर है। प्यारेपुर पंचायत मे कुल 3,265 मतदाता हैं।

सदस्य पद के लिए भी प्रतिस्पर्धा दिलचस्प है। पिछड़ा वर्ग से रामाशीष महतो, जबकि सामान्य वर्ग से राकेश कुमार, पवन कुमार और रूबी देवी ने नामांकन दाखिल किया है।

चुनाव अधिकारियों के अनुसार, नामांकन पत्रों की जांच और अंतिम उम्मीदवारों की सूची तय तिथि को जारी की जाएगी। इसके बाद प्रचार अभियान और भी तेज होने की संभावना है, जिससे प्यारेपुर पंचायत का यह चुनाव इस बार खासा रोमांचक बन सकता है।



## इस्लामपुर में पारिवारिक विवाद में पति ने पत्नी की कुदाल से गला काटकर हत्या, पति फरार

संवाददाता केशव न्यूज । इस्लामपुर (नालंदा ) – नालंदा जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के गुलजारबाग गांव में रविवार रात एक दर्दनाक घटना घटी। पारिवारिक विवाद में पति ने पत्नी की कुदाल से गला काटकर हत्या कर दी और फरार हो गया। सूचना मिलते ही इस्लामपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।

जानकारी के अनुसार, जहानाबाद जिले के सेवनन गांव निवासी संजय मांझी (50) की पहली पत्नी की मृत्यु के बाद उसने गुलज. ारबाग गांव में मायके में रह रही विधवा गिरानी देवी (60) से दूसरी शादी की थी और यहीं परिवार के साथ रहने लगा था।

घटना के संबंध में मृतका के पुत्र धनतेरस मांझी ने बतायाकृ

"मैं रात में घर से बाहर सामुदायिक भवन में सोया था। सुबह जब घर पहुंचा तो देखा कि मां खून से लथपथ मृत पड़ी थीं और उनका गला कुदाल से कटा हुआ था। पिताजी मौके से फरार थे।"

धनतेरस ने शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया और फिर स्थानीय थाना को सूचना दी। मौके पर एफएसएल टीम पहुंचकर साक्ष्य एकत्र करने में जुटी रही। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है।

गिरानी देवी के पहले पति से दो पुत्रकृकरीमन मांझी (40) और छोटे मांझी (36)कृतथा दो पुत्रियां हैं, जो सेवनन गांव में रहते हैं। दूसरी शादी से संजय मांझी से उनके दो पुत्र हुएकृदिलीप मांझी (30), जो चेन्नई में निजी नौकरी करता है, और धनतेरस मांझी, जो गांव में ही रहता है।









# मत्स्य पालकों ने मोहनपुर हैचरी में लिया मत्स्य पालन का विशेष प्रशिक्षण

संवाददाता केशव न्यूज : नालंदा – जहानाबाद के मत्स्य विकास पदाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में सोमवार को 120 मत्स्य पालक किसानों का दल "भ्रमण–दर्शन योजना" के तहत मोहनपुर मत्स्य हैचरी पहुंचा। यहाँ उन्होंने मत्स्य पालन तकनीक, मत्स्य बीज उत्पादन, मछलियों का रखरखाव, तालाब एवं नर्सरी की तैयारी, हैचरी प्रबंधन और कम जगह व कम लागत में अधिक उत्पादन के तरीकों की जानकारी ली।



इस अवसर पर मोहनपुर मत्स्य हैचरी के संचालक सह बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के निदेशक शिवनंदन प्रसाद उर्फ शिव जी ने कहाकृ


"मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। जिस प्रकार कृषि में पौधों की वृद्धि के लिए जैविक एवं रासायनिक खाद का प्रयोग किया जाता है, उसी प्रकार अधिक मत्स्य उत्पादन के लिए तालाब में समय–समय पर उचित मात्रा में खाद का प्रयोग आवश्यक है।"
उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन के लिए तालाब का पानी पीएच 7.5 होना चाहिए। पानी की गुणवत्ता सही न होने पर मछलियों की वृद्धि प्रभावित होती है। इसके समाधान के लिए प्रति एकड़ 40दृ50 किलोग्राम चुना का घोल बनाकर तालाब में छिड़काव करना चाहिए। "सिर्फ खाद डालकर अधिक उत्पादन संभव नहीं है। गहन मत्स्य पालन में कई किस्म की मछलियां एक साथ पाली जाती हैं। कम समय और कम लागत में अधिक उत्पादन के लिए मछलियों को बाहर से भी संतुलित भोजन दिया जाना चाहिए।" उन्होंने कृत्रिम आहार में सरसों एवं बादाम की खली, गेहूं का चोकर, चावल का ब्राउन, तथा बाजार से उपलब्ध तैयार मछली आहार के उपयोग की सलाह दी। साथ ही बताया कि मछली के बीज के वजन का 5 प्रतिशत भोजन प्रतिदिन देने से अच्छी वृद्धि होती है। सही ढंग से भोजन देने पर एक एकड़ तालाब से 2,000–2,500 किलोग्राम तक मछली का उत्पादन संभव है।

भ्रमण के दौरान 80 महिला और 40 पुरुष मत्स्य पालक किसानों ने हैचरी की कार्यप्रणाली को बारीकी से देखा और सीखा। उपस्थित प्रमुख मत्स्य पालकों मेंकृराजीव कुमार बिंद, रोशन कुमार, बैजू केवट, चंदन केवट, कृष्ण बिंद, गुड्डू बिंद, किरण देवी, सुनीता देवी, सरोज देवी, गौरी देवी, लीला देवी समेत कई अन्य शामिल थे।

# बादी गांव में स्व. गुरु सहाय लाल जी की 136वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

संवाददाता केशव न्यूज कतरीसराय (नालंदा ) – कतरीसराय प्रखंड के बादी गांव में आज दिनांक 11 अगस्त 2025 को बिहार के महामानव स्व. गुरु सहाय लाल जी की 136वीं जयंती उनके पैतृक गांव में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रजनीश कुमार मुन्ना ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार ने गुरु सहाय बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित अनुयायियों को संबोधित करते हुए दिलीप कुमार ने कहा–

"गुरु सहाय बाबू हमारे आदर्श हैं। वे महान शिक्षाविद और दूरदर्शी नेता थे। अंग्रेजी शासनकाल में वे राजस्व एवं विकास मंत्री के पद पर रहे, लेकिन उन्होंने हमेशा शिक्षा, किसानों और समाज के विकास के लिए कार्य किया। उनके प्रयासों से पूरे बिहार में अनेक विद्यालय स्थापित हुए, जिनमें नालंदा के टेकनारायण उच्च विद्यालय बादी, मध्य विद्यालय कुर्मीचक, मध्य विद्यालय समयागढ़, मध्य विद्यालय कुम्हरा, मध्य विद्यालय सरमेरा, मध्य विद्यालय इस्लामपुर, मध्य विद्यालय कुण्डवापर आदि प्रमुख हैं। कई अन्य जिलों में भी उनके प्रयास से विद्यालय बने।"

उन्होंने आगे बताया कि 1937 में मुख्यमंत्री यूनुस जी के मंत्रिमंडल में गुरु सहाय बाबू राजस्व एवं विकास मंत्री रहे। किसानों और छात्रों के हित में उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित किया। आज़ादी के बाद भी श्री बाबू के मंत्रिमंडल में वे किसानों के हक़ की आवाज़ बुलंद करते रहे।

1941 से 1948 तक वे पटना जिला परिषद के चेयरमैन रहे और इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क निर्माण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने गांव–गांव में आयुर्वेदिक औषधालय खुलवाए और साइंस कॉलेज, पटना मेडिकल कॉलेज तथा आयुर्वेदिक कॉलेज की गवर्निंग बॉडी में सदस्य के रूप में योगदान दिया। पटना विश्वविद्यालय के सीनेट में भी वे सक्रिय रहे और गरीब मेधावी छात्रों को आर्थिक सहायता व प्रोत्साहन प्रदान करते रहे।

बिहार में पहली बार जब मुख्यमंत्री यूनुस जी के नेतृत्व में देशी सरकार बनी, तो इस मंत्रिमंडल में गुरु सहाय बाबू को राजस्व एवं विकास मंत्री बनाया गया। अल्पकालीन सरकार के बावजूद उन्होंने किसानों को महत्वपूर्ण अधिकार दिलवाएकृजैसे कुआं खुदवाने का अधिकार, खेत पर मेड़ बनाने का अधिकार और अपने खेत से मिट्टी काटने का अधिकार।

"आज न केवल नालंदा, बल्कि पूरे बिहार के किसानों, नौजवानों और छात्रों को गुरु सहाय बाबू को आदर्श मानकर उनकी जयंती एवं पुण्यतिथि गांव–गांव और शहरों में मनानी चाहिए।"

इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना जी ने छात्रों को गुरु सहाय बाबू के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया और कहा कि–

"बच्चे यदि उनके आदर्शों पर चलें तो अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं।"

कार्यक्रम में पिंटू कुमार, बादशाह, प्रिंस पटेल, रणवीर कुमार सिन्हा, प्रशांत कुमार, नितीश कुमार, मनोज कुमार सिंह, कारू कुमार सहित बादी गांव के अनेक अनुयायी उपस्थित थे।






# घर की रखवाली कर रहे युवक को बदमाशों ने मारी गोली, पटना रेफर

संवाददाता केशव न्यूज : पावापुरी (नालंदा) – पावापुरी ओपी क्षेत्र के हाई स्कूल के समीप शनिवार की देर रात घर की रखवाली कर रहे एक युवक को बदमाशों ने गोली मार दी। गनीमत रही कि गोली उसके जांघ में लगी, जिससे उसकी जान बच गई। घायल युवक को पावापुरी मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर किया गया, जहां एक निजी क्लीनिक में उसका इलाज जारी है।

घायल की पहचान कतरीसराय थाना क्षेत्र के दरवेशपुरा गांव निवासी कुंदन कुमार के रूप में हुई है। घायल के दोस्त डिंपल कुमार ने बताया कि वह घोसरामा हाई स्कूल के पास नया मकान बना रहा है। कुछ स्थानीय लोग उसे मकान बनाने से रोकते हुए धमकी दिया करते थे। इसी कारण वह अपने दोस्त कुंदन के साथ वहीं पर रात में सोया करता था। शनिवार की रात भी दोनों वहीं सो रहे थे, तभी उनके गांव के ही निवासी राकेश कुमार कुछ बदमाश लेकर उनके घर में घुसे और अंधाधुंध फायरिंग कर दी। एक गोली कुंदन के जांघ में लग गई, जबकि डिंपल बाल–बाल बच गया।

गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी गौरव कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# राजगीर विधानसभा पर कमल खिलाने की तैयारी, भाजपा कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार



संवाददाता केशव न्यूज : गिरियक (नालंदा) – गिरियक पावापुरी नगर पंचायत स्थित मैरेज हॉल में रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गिरियक प्रखंड भाजपा अध्यक्ष अविनाश कुमार ने की, जबकि संचालन रवि राज ने किया।

बैठक में राजगीर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में यह मांग और आह्वान किया कि पार्टी अपनी "विरासत" को वापस हासिल करे। वरिष्ठ भाजपा नेता श्रवण कुमार ने कहा कि राजगीर विधानसभा पूर्व में भाजपा की मजबूत सीट रही है, और इसे पार्टी को वापस पाना होगा। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व से आग्रह किया कि आगामी चुनाव में यह सीट कमल के निशान पर ही लड़ी जाए।

पूर्व भाजपा जिला मंत्री रवि राज ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना होगा। उन्होंने घोषणा की कि पूरे राजगीर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा द्वारा साक्षरता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सीट भाजपा की पारंपरिक और विरासत में मिली सीट है, जिसे बचाना हमारी प्राथमिकता है।

बैठक में वक्ताओं ने जोर दिया कि भाजपा गठबंधन धर्म का पालन करते हुए भी अपनी इस ऐतिहासिक सीट के लिए संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने याद दिलाया कि जनसंघ के समय से ही राजगीर विधानसभा में भाजपा की जड़ें रही हैं। जब जनसंघ की नींव कमजोर थी, तब भी यहां विजय मिली थी। आज जबकि भाजपा देश में एक विशाल वटवृक्ष की तरह फैल चुकी है, राजगीर में पार्टी को राजनीतिक रूप से हाशिए पर नहीं रहने देना है। यह लड़ाई उस बंधन को तोड़ने की है, जिसने इस सीट को पार्टी से दूर कर दिया।

इस अवसर पर मुन्ना पासवान, श्रवण सिंह, श्याम किशोर सिंह, रवि राज, अरुण सिंह, उपेंद्र राजवंशी, शैलेन्द्र कुमार आर्य, दिनेश सिंह, सुनील कुशवाहा, नरेंद्र सिंह, इंद्रजीत कुमार, मनोज कुमार उर्फ मंटू सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



# नालंदा के एनपीएस धरमपुर में बुनियादी सुविधाओं का अभाव जर्जर भवन में जान जोखिम में डालकर पढ़ते हैं 87 मासूम

संवाददाता केशव न्यूज : हरनौत (नालंदा ) – शिक्षा के क्षेत्र में करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद बिहार के दूरदराज़ इलाकों में सरकारी स्कूलों की स्थिति आज भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है। नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड अंतर्गत पोआरी पंचायत के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय (एनपीएस) धरमपुर में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। यहां 87 बच्चे रोज़ाना जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं।



विद्यालय की स्थापना 20 नवंबर 2014 को की गई थी, लेकिन यह आज तक अपने स्थायी भवन से वंचित है। जनवरी 2025 तक स्कूल धरमपुर गांव के इंद्रदेव यादव के खपरैल दलान में संचालित हो रहा था। बाद में अधिकारियों के निर्देश पर इसे 22 जनवरी को लंघौरा गांव के बृंद सिंह के एक पुराने, जर्जर पक्के मकान में स्थानांतरित कर दिया गया।

प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश के अनुसार विद्यालय में कक्षा पहली से पाँचवीं तक की पढ़ाई होती है। चार शिक्षक कार्यरत हैं, लेकिन विद्यालय में न पीने के पानी की व्यवस्था है, न शौचालय की सुविधा। बच्चों और महिला शिक्षकों को शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है, जिससे विशेष रूप से लड़कियों को असुविधा होती है। बिजली की भी कोई व्यवस्था नहीं है। बच्चे अंधेरे में सीढ़ियाँ चढ़कर कक्षाओं में जाते हैं और गर्मियों में उमस भरे माहौल में पढ़ाई करना अत्यंत कठिन हो जाता है। स्कूल में रसोई घर नहीं है। रसोइया मालती देवी को खुले आसमान के नीचे लकड़ी के चूल्हे पर मिड–डे मील तैयार करना पड़ता है। तेज हवा और बारिश के दौरान खाना बनाना मुश्किल हो जाता है, कभी–कभी लकड़ी भीग जाने के कारण खाना नहीं बन पाता और बच्चे भूखे लौट जाते हैं। स्कूल की पहली मंज़िल की छत एस्बेस्टस और खपरे की बनी है जो अत्यधिक जर्जर हो चुकी है। बारिश के दिनों में जगह–जगह से पानी टपकता है। छात्रा सुप्रिया कुमारी, संदीप कुमार, ज्योति कुमारी, उदयशंकर कुमार, कार्तिक और आयुष बताते हैं कि बारिश में कमरे में पानी भर जाता है और किताब–कॉपियां भीग जाती हैं। तेज आंधी और बारिश में डर के मारे कलेजा कांपता है। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बरे पासवान के अनुसार गांव में 8 कट्ठा गैरमजरूआ जमीन उपलब्ध है, जिस पर भवन निर्माण संभव है। लेकिन इसके लिए अंचलाधिकारी से एनओसी की आवश्यकता है। प्रधानाध्यापक के अनुसार विद्यालय भवन निर्माण के लिए 11 डिसमिल ज़मीन की आवश्यकता है, जबकि सरकार ने अभी तक केवल 5 डिसमिल ज़मीन ही आवंटित की है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस गंभीर स्थिति के बावजूद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नितेश कुमार रंजन ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। यह बयान प्रशासनिक उदासीनता और ज़मीनी सच्चाई से दूरी को उजागर करता है।

# नवादा के एएसआईकी नालंदा में सड़क हादसे में मौत

## पटना जा रहे थे केस अनुसंधान के सिलसिले में, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

संवाददाता केशव न्यूज : नालंदा (चंडी) – नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहटा–सरमेरा टू–लेन पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में नवादा जिले में तैनात एक एएसआई की मौत हो गई। यह हादसा कचरा भेड़िया गांव के पास हुआ, जब वह केस अनुसंधान के सिलसिले में पटना जा रहे थे।

मृतक की पहचान वैशाली जिले के हाजीपुर निवासी जितेंद्र कुमार सिंह (50 वर्ष) के रूप में हुई है, जो वर्तमान में नवादा जिले के मुफस्सिल थाना' में जमादार (एएसआई) के पद पर कार्यरत थे।

### पटना जाते वक्त हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जितेंद्र कुमार सिंह केस से जुड़ी जांच के लिए बाइक से पटना जा रहे थे। इसी दौरान चंडी थाना क्षेत्र के कचरा भेड़िया गांव के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।



### इलाज के दौरान तोड़ा दम

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल चंडी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

चंडी थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि यह दुर्घटना अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हुई है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस वाहन की पहचान और चालक की तलाश में जुट गई है।

# एशिया रग्बी अंडर–20 सेवेंस चौंपियनशिप – हॉन्गकॉन्ग (पुरुष) और चीन (महिला) की टीमों ने जीता खिताब, भारतीय महिला टीम को ब्रॉन्ज मेडल





संवाददाता केशव न्यूज : राजगीर (नालंदा) ; राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दो दिवसीय एशिया रग्बी अंडर–20 सेवेंस चौंपियनशिप–2025 का समापन रविवार को हुआ। इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग का खिताब हॉन्गकॉन्ग ने और महिला वर्ग का खिताब चीन ने अपने नाम किया। मेजबान भारत की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता, जबकि पुरुष टीम को छठा स्थान मिला।

महिला वर्ग के फाइनल में चीन और हॉन्गकॉन्ग के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दूसरे हाफ में हॉन्गकॉन्ग ने वापसी की कोशिश की और दो गोलों के जरिए कुल 14 अंक जुटाए, लेकिन चीन ने दबाव में बेहतर खेल दिखाते हुए अंततः 29–21 से मैच जीत लिया और खिताब अपने नाम किया।

भारतीय महिला टीम ने ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 12–5 से हराया। भूमिका शुक्ला टूर्नामेंट में टीम की सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहीं, जिन्होंने कुल 28 अंक जुटाए। भारत ने कुल 5 मुकाबलों में 3 में जीत दर्ज की और 2 में हार का सामना किया। टीम ने कजाकिस्तान को 17–10, यूएई को 31–7 से हराया, जबकि हॉन्गकॉन्ग और चीन से क्रमशरू 31–7 और 28–7 से हार मिली।

भारतीय पुरुष टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत यूएई पर 24–17 की जीत से की थी। इसके बाद टीम को श्रीलंका और हॉन्गकॉन्ग से 24–5 के समान अंतर से हार का सामना करना पड़ा। पांचवें–छठे स्थान के सेमीफाइनल में भारत ने कजाकिस्तान को 24–19 से हराया, लेकिन अंतिम मुकाबले में यूएई से 21–19 से हारकर छठे स्थान पर रही। गोल्डन कुमार टीम के सर्वाधिक स्कोरर रहे, जिन्होंने कुल 24 अंक अर्जित किए।

भारतीय महिला टीम में बिहार की चार बेटियों को शामिल किया गया था, जिनके प्रदर्शन ने राज्य को गौरवान्वित किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर भारतीय महिला टीम को ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर बधाई दी और कहा कि यह बिहार और देश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों सहित सभी प्रतिभागी देशों को शुभकामनाएं दीं और इस आयोजन को राज्य में खेल संस्कृति के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।






**अनमोल वचन**

हमें आने वाले कल से अपने आप अच्छे होने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, बल्कि आज की गयी मेहनत और तैयारी ही उसे अच्छा बना सकती है।


हर पल, हमारी खबर

# केशव न्यूज

बिहार का नंबर 1 अखबार

## अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

# 7033325120

केशव न्यूज़ में विज्ञापन देकर अपने व्यवसाय को दे नई पहचान और नई दिशा

खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें 9931405353